शिक्षा

प्रश्न सं० . 5. (क) इस राज्यक्षेत्र में अनुसूचित जनजातियों के लिए कितने छात्रावास बनाए गए हैं और प्रत्येक छात्रावास की क्षमता क्या है ?

उत्तर : नीचे दिए गये विवरण के अनुसार चार जनजातीय छात्रावासों की स्थापना की गई हैं :-

| क्र.सं. | छात्रावास का नाम | क्षमता |
|---|---|---|
| I. | चेम्पियन ननकौरी | 10 |
| II. | कैम्पबेल बे | 16 |
| III. | बंगाली (तरेसा) | 15 |
| IV. | डॉलीगंज (पोर्टब्लेयर) | 25 |

5. (ख) : क्या कोई छात्रावास सिर्फ अनुसूचित जनजातीय लड़कियों के लिए बनाया गया है ?

उत्तर : केन्द्र द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम के अन्तर्गत तरेसा द्वीप में मात्र अनुसूचित जनजातियों की बालिकाओं के लिए 25 की भरती क्षमता वाले एक छात्रावास का निर्माण किया जा रहा है ।

5. (ग) : क्या लड़कियों के लिए छात्रावासों के निर्माण हेतु केन्द्र प्रायोजित स्कीम के अन्तर्गत कल्याण मंत्रालय से कोई सहायता ली गई ?

उत्तर : हाँ, महोदय, कल्याण मंत्रालय द्वारा रु. 5.00 लाख की राशि स्वीकृत की गई है ।

प्रश्न सं. 6: छात्रावास के आवासियों को कितनी वृत्ति दी जाती है ? क्या छात्रावास में कमजोर अनुसूचित जनजाति के बालक-बालिकाओं को कोचिंग की सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं ?

उत्तर : छात्रावासों में रहने वाले प्रत्येक छात्र को प्रति माह रु. 135/- छात्रवृत्ति के रूप में अदा किए जाते हैं। छात्रावास में रहने वाले कमजोर अनुसूचित जनजाति के बालकों और बालिकाओं को कोचिंग देने हेतु कोई सुविधा नहीं है तथापि उक्त सुविधाएँ विद्यालय में ही विद्यालय का समय समाप्त होने के बाद प्रदान की जाती है ।